# मतदान दलों की रवानगी सहित व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**जालोर**, (नि.सं.)। जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने बुधवार को वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदान दलों की रवानगी एवं निर्वाचन संबंधित तैयारी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने मतदान दलों के अंतिम प्रशिक्षण की बैठक व्यवस्था, मतदान दलों की रवानगी, सामग्री वितरण, परिवहन, वाहनों की जीपीएस ट्रैकिंग, शाखा वाइज टेबल व्यवस्था निर्धारण, लाईट, माईक, ठहराव व कैंटीन इत्यादि व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विधानसभावार बनाये गये काउंटरों पर ईवीएम-वीवीपैट व सामग्री वितरण, मतदान सुविधा केन्द्र पर कार्मिकों को वोट डालने की व्यवस्था, मतदान दलों के रूट चार्ट व कम्युनिकेशन प्लान सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया।

जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवचरण मीना, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, प्रशिक्षु आई.ए.एस. दिव्यांश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वरलाल मेघवाल, सहायक रिटर्निंग अधिकारी प्रमोद सीरवी, उप पुलिस अधीक्षक गौतम जैन, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रमेश सिघारिया, नगर परिषद आयुक्त दिलीप माथुर, जिला परिवहन अधिकारी जालोर छगनलाल मालवीय सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

## वेब कास्टिंग के माध्यम से रहेगी पैनी नजर

लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए जालोर संसदीय क्षेत्र (18) के 1088 मतदान केन्द्रों पर वेब कास्टिंग के माध्यम से पैनी नजर रखते हुए मतदान प्रक्रिया सम्पन्न करवाई जाएगी।

रिटर्निंग अधिकारी पूजा पार्थ ने बताया कि जालोर संसदीय क्षेत्र (18) में आहोर विधानसभा क्षेत्र में 132, जालोर विधानसभा क्षेत्र में 132, भीनमाल विधानसभा क्षेत्र में 145, सांचौर विधानसभा क्षेत्र में 164, रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 133, सिरोही विधानसभा क्षेत्र में 143, पिण्डवाड़ा-आबू विधानसभा क्षेत्र में 106 व रेवदर विधानसभा क्षेत्र में 133 मतदान केन्द्रों पर वेब कास्टिंग के माध्यम पैनी नजर रखी जायेगी। तकनिकी अधिकारी, नोडल अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी द्वारा निगरानी रखी जाएगी। जिले में वेब कास्टिंग वाले मतदान केन्द्रों पर इस संबध में सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर दी गई है।

## मतदान दिवस पर संवैतनिक अवकाश

लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान 26 अप्रेल को मतदान दिवस पर निजी व सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, होटल, रिसोर्ट, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार व व्यवसाय में कार्यरत कामगारों कर्मचारियों को संवैतनिक अवकाश देय होगा।

श्रम कल्याण अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135(ख) के प्रावधान अनुसार किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी संस्थान में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो लोकसभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, को मतदान के दिन संवैतनिक अवकाश स्वीकृत किया जायेगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के प्रावधान अनुसार समस्त लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थित निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार व व्यवसाय में कार्यरत कामगारों के साथ ही ऐसे कार्मिक जो राजस्थान राज्य के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं राजस्थान सीमा से लगते हुए लोकसभा क्षेत्र के पंजीकृत मतदाता हैं, किन्तु उन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के बाहर कार्यरत है, उन्हें उनके क्षेत्र में मतदान दिवस 26 अप्रेल, 2024 के लिए सभी संस्थानों में कार्यरत सभी कामगारों को, जिनमें आकस्मिक कामगार भी सम्मिलित है, उनको संवैतनिक अवकाश के लिए विनिर्दिष्ट किया गया हैं ताकि उनके द्वारा मतदान के अधिकार का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से उपयोग सुनिश्चित किया जा सकें।

उन्होंने बताया कि यदि कोई नियोजक इन प्रावधानों की अवहेलना करते हुए मतदान के दिन कर्मचारी को मताधिकार का उपयोग करने के लिए अवकाश नहीं देता है तो इसके लिए दण्डात्मक कार्यवाही के लिए रिटर्निंग अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी को तथ्यात्मक विवरण देते हुए अवगत करवाया जायेगा।

# मकानों में चोरों ने लगाई सैंध

**जोधपुर**, (कासं)। चुनावी माहौल में पुलिस की व्यस्तता बढ़ गई है। पुलिस पूरी तरह चुनावी ड्यूटी में व्यस्त होने के चलते चोरों ने अपनी पौबारह कर रखी है। लाखों के जेवरात सूने मकानों से उड़ाने में लगे है। कमिश्नरेट के जिला पूर्व एवं पश्चिम में दो सूने मकानों में चोरों ने सैंध लगाकर वहां से हजारों की नगदी के साथ आभूषण आदि सामान चोरी कर ले गए।

बनाड़ पुलिस ने बताया कि मूलतः भोपालगढ़ के बुड़किया हाल सेठ सांवरिया कॉलोनी, खोखरिया बनाड़ निवासी दिनेश पुत्र रूपाराम जाट की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया। इसमें बताया कि वह परिवार में दादी के निधन पर 14 अप्रेल को गांव हुआ था। घर सूना पड़ा था। 23 अप्रेल को पड़ौसी ने सूचना दी कि घर के ताले टूटे पड़े है। इस पर वह यहां पहुंचा। तब पता लगा कि चोरों ने सारा सामान अस्त व्यस्त कर वहां से 17-18 हजार की नगदी, सोने की दस ठाम अंगूठी, गुल्लक से 15-20 हजार रूपए के साथ दो हजार के पुराने नोट चोरी कर ले गए है।

दूसरी तरफ बिलाड़ा तहसील के ओलवी हाल श्रीकांत नगर झालामंड निवासी कोजाराम पुत्र किस्तुरराम विश्नोई ने कुड़ी भगतासनी थाने में रिपोर्ट दी। इसके अनुसार उसकी पुत्री का निधन होने पर परिवार सहित अपने गांव गया था। किराएदार अन्य परिवार भी दो दिन से बाहर गया हुआ था। दूसरा किराएदार 22 को लौटा तब बताया कि उसके घर के ताले टूटे है।

# बालाजी मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न



धर्मनगरी धर्मधारी में श्री जय हनुमान मन्दिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। पाली जिले में धर्मनगरी धर्मधारी में श्री जय हनुमान मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में दो दिवसीय आयोजन संपन्न हुए।

दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में पूरा गांव भक्तिमय हो गया। समिति के रणवीर सिंह राजपुरोहित धर्मधारी ने बताया कि कार्यक्रम मैं मंदिर बनाने से लेकर प्रतिष्ठा तक संपूर्ण खर्च एक ही परिवार के द्वारा कार्यक्रम आयोजित हुआ। सफल प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर प्रहलाद सिंह रामसिंह ने बताया कि स्वर्गीय हिरसिंह, विजराज सिंह, हरदेव सिंह, तुलसीराम, बाबुसिंह के दिव्य आशीष से संपूर्ण दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुआ।

जिसमें करीब तीन हजार से भी ज्यादा बालाजी के भक्तों ने महाप्रसादी का लाभ लिया। दो दिन में कलश यात्रा, विराट भजन संध्या, महाप्रसादी, हवन आदि धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। विद्वान पंडितो द्वारा प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हुआ। रात्रि भजन संध्या कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। भंवरसिंह डूंगरसिंह, गोपाल सिंह, संपत सिंह, रतनसिंह, शंकरसिंह, जगदीश सिंह, चैनसिंह, कानसिंह सहित संपूर्ण पाचलोड परिवार की अेर से शानदार व ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# राष्ट्रीय खेल प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



अखिल भारतीय रांकावत ब्राह्मण महासभा, दिल्ली के बैनर तले मालवीया ब्रदर्स गौतम मालवीया व किशोर मालवीया, पाली की मेजबानी में राष्ट्रीय खेल प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। अखिल भारतीय रांकावत ब्राह्मण महासभा, दिल्ली के बैनर तले मालवीया ब्रदर्स गौतम मालवीया व किशोर मालवीया, पाली की मेजबानी में राष्ट्रीय खेल प्रतिभा सम्मान समारोह का शानदार आयोजन हुआ। सर्वप्रथम कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों का साफा व दुपट्टा से स्वागत किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस आयोजन में समाज की सभी खेल प्रतिभाओं को मोमेन्टो, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समाज के बच्चों को खेल के प्रति प्रोत्साहन देने हेतु विभिन्न खेलों के खेल किट वितरीत किये गये।

यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रामेश्वर टांक ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय रांकावत ब्राह्मण महासभा दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश कुमार कोटेचा ने समारोह की अध्यक्षता की। महासभा के संरक्षक सुरेन्द्र स्वामी, किशन सुटवा, रामदास बिरामी, मांगीलाल बोराणा, चैनदास सुमेरपुर, लूणी पट्टी अध्यक्ष मदनदास माधावत, मगरावती पट्टी के अध्यक्ष बाबूलाल बोराणा फौजी, सोजत पट्टी के अध्यक्ष झूमरदास पेशवा, जोधपुर के अध्यक्ष श्याम गोयल, महासभा के कोषाध्यक्ष मदनदास माधावत, भैरूदास गोलवाल, रामचन्द्र उदेचा, ओमप्रकाश कोटेचा और समाज के वरिष्ठ समाजबन्धु उपस्थित थे। मंच संचालन किशन सुटवा व गौतम मालवीया द्वारा किया गया।

# बाड़मेर में सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च निकाला

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। लोकसभा आम चुनाव 2024 को देखते हुए जिले में भयमुक्त एवं निष्पक्ष निर्वाचन का वातावरण बनाने के लिए पुलिस, केन्द्रीय पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारियों संयुक्त रूप से मिलकर मंगलवार रात्रि गश्त एवं बुधवार को जिले के विभिन्न उपखण्ड क्षेत्रों पर फ्लैग मार्च निकाला।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन के निर्देशानुसार मंगलवार रात्रि गश्त के साथ साथ बुधवार को बाड़मेर जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों पर फ्लैग मार्च निकाले गए।

विशेष रूप से संवेदनशील मतदान केन्द्र के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को भयमुक्त होकर मतदान करने का संदेश दिया गया।


मंगलवार को उपरला गांव, भटाला नाका, शिव पोस्ट नाका, रामसर, चौहटन, धनाऊ, कुडला फांटा, हरसानी फांटा, गडरारोड, निम्बला, आडेल एवं अंतरराज्यीय सीमा पर एफएसटी और एसएसटी टीमों द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया।

वहीं बुधवार को रीको क्षेत्र बाड़मेर में सीओ, तहसीलदार बाड़मेर एवं बाड़मेर ग्रामीण, बीएसएफ जवानों एवं पुलिस थाना रीको द्वारा संयुक्त फ्लैग मार्च कर असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया गया।

इसी प्रकार बालोतरा, सवाऊ पदमसिंह पुलिस थाना गिड़ा, आडेल, बाकियावास कलां पुलिस थाना कल्याणपुर, निम्बलकोट, नोखड़ा, निम्बला, नागरदा, मालपुरा, मोखाब, अकदड़ा, चैहटन, कानासर काश्मीर, पनावड़ा बायतु एवं रामसर क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च के दौरान आमजन को लोकसभा चुनाव में भयमुक्त होकर मतदान करने के लिए जागरूक किया गया तथा बिना किसी के दबाव में आए निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

# संगीता बेनीवाल के समर्थन में निकाली वाहन रैली



पाली लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी संगीता बेनीवाल के पक्ष में कार्यकर्ताओं ने वाहन रैली निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। पाली लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी संगीता बेनीवाल के पक्ष में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की वाहन रैली बुधवार को कांग्रेस भवन से सुबह 10:00 बजे रवाना हुई।

दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता अपने वाहनों पर कांग्रेस की झंडी लगाकर व एक जीप में प्रत्याशी संगीता बेनीवाल, कांग्रेस नेता महावीर सिंह, प्रदीप हिंगड़ ,जीवराज बोराणा, नीलम बिरला के साथ खड़े थे।

कांग्रेस जिंदाबाद के नारे लगाते यह रैली कांग्रेस भवन से लोढ़ा स्कूल, सूरजपाल सोमनाथ मंदिर, सराफा बाजार, उदयपुरिया बाजार, पुराना बस स्टैंड बस स्टैंड,मस्तान बावजी होते हुए नए बस स्टैंड स्थित कांग्रेस चुनाव कार्यालय पहुंच समाप्त हुई। वाहन रैली में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अजीज दर्द, महबूब टी आमीन रंगरेज मांगू सिंह दूदावत, भैरू गुर्जर समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नवजात शिशु का लगातार फुफ्फुसीय उच्च रक्तचाप का इलाज किया

**जोधपुर**, (कासं)। बेबी ओफ खतीजा, जन्म के पहले दिन पर उम्मेद अस्पताल एनआईसीयू में भर्ती हुआ। बच्चे ने मेकोनियम दाग वाला पानी मां के पेट से पिया था। उसका रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस स्कोर 5/10 था। प्रीडक्टल और स्टडक्टल ऑक्सीजन सैचुरेशन क्रमशः 96 प्रतिशत एवं 88 प्रतिशत था। बच्चे को शुरू में बबल सीपीएपी पर रखा गया था। एफआई०2 की आवश्यकता लगातार बढ रही थी।

डॉ. जेपी सोनी, डॉ हरीश मौर्य, डॉ मीतेश मैलीना द्वारा जाँच व इलाज शुरू किया गया। एडमिशन पर अल्ट्रासाउंड लंग स्कोर 6 था जो बढ कर 20 हो गया। जिसके बाद सर्फेक्टेंट दिया गया। जिसके बाद अल्ट्रासाउंड लंग स्कोर में सुधार हुआ लेकिन एफआई०2 की आवश्यकता बढ रही थी। बच्चे की हालत में सुधार नहीं हो रहा था। 2डी इको सेनवजात शिशु का लगातार फुफ्फुसीय उच्च रक्तचाप का डायग्नोसिस किया गया। जिसका इलाज इंजेक्शन मिलिरिनोन का उपयोग करके किया गया। लेकिन बच्चे में सुधार नहीं हो रहा था। इनहेलेशनल नाइट्रिकॉक्साइड के साथ उपचार शुरू किया गया था जिसे शुरू में 24 घंटे के लिए/ 20 पीपीएम दिया गया और 72 घंटे के लिए 30 पीपीएम के लिए जारी रखा गया।

फिर धीरे-धीरे कम किया गया। बच्चे में सुधार हो रहा था।

उसके बाद बच्चे को धीरे-धीरे वेंटिलेटर से हटा दिया गया और वेंटिलेटर के माध्यम सेएनआईवी पर रखा गया और धीरे-धीरे ऑक्सीजन समर्थन से हटा दिया गया।

इस दौरान बच्चे को नाक की नली से दूध पिला रहे थे। बच्चे को 25 वे दिन से मां की छाती से दूध पिलाना शुरू किया और बच्चे को 36 दिन के बाद डिस्चार्ज किया गया। इनकी सफलता पर प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक एस.एन. मेडिकल कॉलेज डॉ रंजना देसाई ने उनको बधाई दी।

# जिला स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रति. होगी

**जालोर**,(का.सं.)। जिला किक बॉक्सिंग एसोसिएशन व स्वर्णागिरी स्पोर्ट्स फेडरेशन जालोर के तत्वावधान में रविवार को जिला स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

जिला किक बॉक्सिंग के कोषाध्यक्ष सुरेश शर्मा ने बताया कि क्रेडिट, जूनियर, सीनियर जिला किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन मामा जी का ऊण स्वर्णगिरी स्पोर्ट्स फेडरेशन के प्रशिक्षण केंद्र पर शाम को 5:00 बजे किया जायेगा। सभी बॉक्सर अपनी एन्ट्री स्वयं या प्रशिक्षक के माध्यम से स्वर्णगिरी स्पोर्ट्स फाउंडेशन के प्रशिक्षण केंद्र पर दिनांक 27 - 4- 24 तक शाम 5 से 7 बजे के बीच करवा सकते है। जिला किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पॉइंट फाईट, लाइट कांटेक्ट, किक लाइट, फूल कांटेक्ट, लॉ किक के अलग-अलग इवेंट व वजन वर्ग में मुकाबले किये जाएगे। इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी 3 से 5 में 2024 तक आयोजित राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता सीकर मे भाग लेंगे।

# विवेक विहार के भूखंडों की नीलामी

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशन में प्राधिकरण द्वारा आयोजित माह फरवरी से मई भव्य ई-नीलामी कार्यक्रम में आमजन के भारी रुझान के मद्देनजर मंगलवार एवं बुधवार को दो दिवस में विवेक विहार आवासीय योजना सेक्टर डी के 10 भूखंडों को नीलामी के जरिए विक्रय किया गया।

प्रभारी अधिकारी नीलामी शाखा संदीप सान्दू ने बताया कि विवेक विहार आवासीय योजना सेक्टर डी के भूखंड संख्या 585, 586, 593, 594 व 600 के लिए जिन आवेदकों ने नियमानुसार धरोहर राशि जमा करवा दी है, वे गुरुवार को दोपहर 12.30 बजे तक बोली लगाकर ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं।

# 21 हजार की ठगी

**जोधपुर**, (कासं)। काली बेरी स्थित एक ई मित्र पर फोन पे से भुगतान के नाम पर 21 हजार रूपये की ठगी करने का मुकदमा ई मित्र संचालक ने दर्ज कराया है। सूरसागर पुलिस के अनुसार बगेची बस्ती निवासी जेठाराम गहलोत ने मामला दर्ज कराया है।

# धोरीमन्ना में अमर ध्वजा चढ़ाई

**धोरीमन्ना**, (नि.सं.)। कस्बे में स्थित माहेश्वरी समाज हनुमान मंदिर प्रांगण में मंगलवार को, सुबह मंदिर के शिखर पर अमर ध्वजा चढ़ाई। अमर ध्वजा माहेश्वरी समाज धोरीमना ने चढ़ाई एवं रात्री में भजन संध्या आयोजित हुई। भजन संध्या में भजन गायक रमेश सोलंकी, उदय बबेरवाल द्वारका प्रसाद सोनी, गोपाल महिला मंडल की महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर धोरीमन्ना माहेश्वरी समाज हनुमान मंदिर पुजारी कालूराम सिडोलिया ने विशेष पूजन पाठ आरती कर प्रसाद वितरण किया।

,इस अवसर पर, ताराचंद पुगलिया, भंवरलाल चांडक महेन्द्र राठी, बालाराम राजपुरोहित, सुरेश पुंगलिया मोहनदास चांडक, पुरषोत्तम पुगलिया अशोक कुमार पुंगलिया,मनिष पुगलिया, भागिरथ पुंगलिया, प्रवीण शारदा सहित कई जने भाग लिया।

# परीक्षाएं छह मई से

**जोधपुर**, (कासं)। जेएनवीयू के वर्ष 2024 की वार्षिक पद्धित एमए और एमएससी पूर्वाद्र्ध की परीक्षाएं 6 मई से शुरू होगी। एमए और एमएससी अंतिम वर्ष की परीक्षाएं अगले दिन 7 मई से आरंभ होगी।

इनकी समय सारिणी विवि की वेबसाइट पर जारी हो गई है। प्रवेश पत्र नियत समय पर ऑनलाइन जारी कर दिए जाएंगे।

# व्यय पर्यवेक्षक ने पाली संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशियों के लेखों का निरीक्षण किया

**पाली**, (नि.सं.) पाली संसदीय क्षेत्र में नियुक्त व्यय पर्यवेक्षक अनिश डी ने बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा क्षेत्र पाली के प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार अवधि के दौरान तीसरा लेखा निरीक्षण का प्रत्याशीवार किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी एलएन मंत्री ने बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से पाली संसदीय क्षेत्र में नियुक्त व्यय पर्यवेक्षक अनिश डी द्वारा लोकसभा साधारण निर्वाचन 2024 अभ्यर्थियों के लेखों के निरीक्षण तीन चरणों में किया जाना था। इसी क्रम में व्यय पर्यवेक्षक द्वारा प्रथम निरीक्षण 12 अप्रैल, द्वितीय निरीक्षण 18 अप्रैल को किया गया। उन्होंने बताया कि तीसरा लेखा निरीक्षण 24 अप्रैल बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह दस बजे से परिवेक्षण में लोकसभा क्षेत्र पाली के सभी प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार अवधि के दौरान लेखा निरीक्षण का प्रत्याशीवार किया गया। व्यय पर्यवेक्षक द्वारा लोकसभा आम चुनाव निर्वाचन व्यय रजिस्टर का व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ की ओर से संधारित छाया प्रेक्षण रजिस्टर से प्रचार अवधि के दौरान अंकित तिथियो का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अभ्यर्थियों की ओर से व्यय रजिस्टर को निर्धारित प्रारूप में नियमानुसार दैनिक आधार पर संधारित करते हुए दैनिक लेखा, रोकड़ लेनदेन एवं बैंक रजिस्टर मय वाउचर फाईल व बैंक स्टेटमेंट के साथ मिलान किया गया, जिसमें कई अभ्यर्थी स्वयं तो कई अभ्यर्थियों के निर्वाचन एजेंट को उपस्थित रहे। इस अवसर पर व्यय प्रकोष्ठ से प्रभूराम प्रजापत, लेखाधिकारी संपतराज परिहार आदि उपस्थित रहे।



पाली क्षेत्र में प्रत्याशियों के लेखा निरीक्षण सहित चुनाव कार्य की तैयारी जोरों पर है। फोटो-राष्ट्रदूत

लोकसभा आम चुनाव-2024 को लेकर पाली संसदीय क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग सजग व सतर्क है। मतदान के दौरान मतदाताओं को किसी भी तरह की कोई असुविधा नहीं हो और अधिक से अधिक मतदान का प्रतिशत रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी एलएन मंत्री ने बताया कि पाली संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान होना है। इसके लिए पाली संसदीय क्षेत्र की आठ विधानसभाओं में 2267 मतदान केंद्र बनाए गए है।

इनमें से 136 बूथ महिला, युवा व दिव्यांग बूथ भी बनाए गए है। इनमें से 8 मतदान केंद्रों को दिव्यांग बूथ बनाए गए है। इस केंद्र पर सभी कार्मिक दिव्यांग श्रेणी के होंगे। इन केंद्रों पर ऐसे दिव्यांग कार्मिकों को नियुक्त किया गया जो मतदान के दिवस पर मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाताओं से मतदान की प्रक्रिया संपन्न करवा सकते है तथा चलने फिरने में सक्षम है। उन्होंने बताया कि पाली लोकसभा क्षेत्र में दिव्यांग मतदान केंद्रों में सोजत विधानसभा क्षेत्र में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नेहड़ा बेरा(बायां भाग) सोजत में, पाली विधानसभा क्षेत्र में श्री जगदंबा उमावि (कार्यालय) चारभुजा नगर, पुनायता रोड पाली में, मारवाड़ जंक्शन विधानसभा क्षेत्र में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सुगालिया में, बाली विधानसभा क्षेत्र में महात्मा गांधी राजकीय(अंठोजी माध्यम) विद्यालय (मध्य भाग) खुडाला, सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (कमरा नंबर 36) सुमेरपुर, भोपालगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पंचायत समिति भवन भोपालगढ़ (बांया भाग), औसियां विधानसभा क्षेत्र में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय(मध्य भाग द्वितीय) तिंवरी तथा बिलाड़ा विधानसभा क्षेत्र में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जसवंतपुरा में दिव्यांग मतदान केंद्र बनाए गए है।

# धींगा गवर मेला 27 को

**जोधपुर**, (कासं)। अखंड सुहाग की कामना और खुशहाली के लिए सोलह दिन तक मनाया जाने वाला पर्व गणगौर को लेकर महिलाओं में उत्साह बना हुआ है। आज भी महिलाओं द्वारा व्रतोपवास किया गया। 27 अप्रेल को धींगा गवर मेले के दिन इसका समापन होगा।

होली के तीसरे दिन यानी चैत्र माह की तीज पर शहर की महिलाओं द्वारा गणगौर मां की पूजा शुरू कर दी जाती है, जोकि 16 दिनों तक चलती है। गणगौर पर्व का समापन धींगा गवर मेले के रूप में संपन्न होता है। शहर के भीतरी क्षेत्र चांदनी गली आसोप की पोल में महिलाओं द्वारा गणगौर पूजन का दौर जारी है। सोलह दिन तक उनके द्वारा मां गवर की पूजा अर्चना की जाती है।

ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
ANSARI NAGAR, NEW DELHI – 110 608
EXAMINATION SECTION

ADMISSION NOTICE NO. 25/2024

F.No.AIIMS/Exam.Sec./Advt./4-5/(INI-CET-PG-July-24)/2024 19.02.2024

INI-CET for admission to PG Courses for July 2024 session

AIIMS, New Delhi invites online applications for Institute of National Importance Combined Entrance Test **(INI-CET) July 2024** Session for admission to PG courses [MD/MS/M.Ch.(6years)/ DM(6years)/MDS] of **AIIMS, New Delhi and other AIIMS, JIPMER Puducherry, NIMHANS Bengaluru, PGIMER Chandigarh & SCTIMST Trivandrum** as per following schedule: -

Date of uploading Prospectus Part-A including eligibility criteria: 18.03.2024

| Online Registration for application | Start date | Closing Date |
|---|---|---|
| • Registration and Basic Information | 18.03.2024 | 12.04.2024 (by 5:00 pm) |
| • Generation of Examination Unique Code (EUC) • Completion of Application form | 05.04.2024 | 26.04.2024 (05:00 pm) |
| Uploading of admit card on AIIMS website | 13th May, 2024 (Monday) | |
| Date of Examination | 19th May, 2024 (Sunday) | |

Please visit the website www.aiimsexams.ac.in regularly for all the latest updates and detailed information.

PAAR

ASSTT. CONTROLLER (EXAMS)